**आकाशवाणी मध्यप्रदेश**

**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 07.01.2026** **समय : 07.10PM**

**मुख्य समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को गुजरात में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' का करेंगे शुभारंभ।**
- **मुख्यमंत्री ने कहा –वर्ष 2026 होगा 'किसान कल्याण वर्ष'; 12 जनवरी से शुरू होगा "संकल्प से समाधान अभियान"।**
- **राष्ट्रीय युवा उत्सव के प्रतिभागियों से मुख्यमंत्री ने किया संवाद, बोले–2047 के विकसित भारत के निर्माता हैं हमारे युवा।**
- **भोपाल में 11-12 जनवरी को जुटेगा नवाचारों का मेला; मुख्यमंत्री 'मध्य प्रदेश स्टार्टअप समिट' में करेंगे सहभागिता।**

**सोमनाथ स्वाभिमान पर्व**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को गुजरात में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में भाग लेंगे। इस पर्व के तहत सोमनाथ में साल भर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोमनाथ पर हुए पहले हमले के इस वर्ष एक हजार वर्ष पूरे हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने हाल में अपने लेख में लिखा कि अतीत के आक्रमणकारी इतिहास में गुम हो गए, लेकिन यह मंदिर भारतीय जनता के अटूट साहस का प्रमाण बनकर खडा है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विकास गतिविधियों और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना होगा। वे मंत्रालय में वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्ष उपलब्धियों से परिपूर्ण रहे हैं और वर्ष 2026 को “किसान कल्याण वर्ष” के रूप में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि शासकीय कार्यालयों में 5 दिवसीय सप्ताह के तहत सुबह 10 बजे कार्य प्रारंभ सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए बायोमेट्रिक सहित तकनीकी व्यवस्थाओं का उपयोग किया जाए। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी से 31 मार्च तक “संकल्प से समाधान अभियान” चलाया जाएगा, जो 106 प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं पर केंद्रित होगा। सभी आवेदनों का समयबद्ध निराकरण अनिवार्य रहेगा। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के साथ सतत समन्वय, मिशन मोड में काम और सामाजिक सुधारों पर भी जोर दिया।

**शिवराज सिंह चौहान**

नई दिल्ली के कृषि भवन में आज केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्रामीण विकास मंत्रालय और डाक विभाग, संचार मंत्रालय के बीच हुए सहमति.पत्र हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता की। समारोह में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य

सिंधिया और केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ चंद्रशेखर पेम्मासानी भी शामिल हुए। समारोह में श्री चौहान ने कहा कि गरिब मुक्त गांव, रोजगार युक्त गांव बनाने में बहनो की बड़ी भूमिका हैं---------

**ट्रांसको पेंशनर्स**

पेंशनर्स की सुविधा के लिए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी यानी एम.पी. ट्रांसको ने एक और डिजिटल पहल की है। अब कंपनी के लगभग 45 सौ पेंशनर्स अपनी पेंशन स्लिप ऑनलाइन वेबसाइट से प्राप्त कर सकेंगे, चाहे वे किसी भी बैंक से पेंशन ले रहे हों। एम.पी. ट्रांसको के मुख्य वितीय अधिकारी मुकुल मेहरोत्रा ने बताया कि पहले यह सुविधा केवल यूनियन बैंक के पेंशनर्स के लिए थी, लेकिन अब एसबीआई सहित अन्य बैंकों के पेंशनर्स को भी इसका लाभ मिलेगा।

**संवाद**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने भोपाल निवास पर 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेने जा रहे युवाओं से "विकसित भारत यंग लीडर संवाद" कार्यक्रम के दौरान संवाद किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने ऊर्जावान विचारों, नवाचार और संकल्प के माध्यम से देश को नई दिशा दें और मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाएं।

**स्टार्ट-अप**

प्रदेश में स्टार्ट-अप इको-सिस्टम को नई मजबूती देने के उद्देश्य से 11 और 12 जनवरी 2026 को भोपाल स्थित रवींद्र भवन में मध्य प्रदेश स्टार्ट-अप समिट 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट में डॉ. मोहन यादव 12 जनवरी को सहभागिता करेंगे। समिट में राज्य और देशभर से स्टार्ट-अप्स, निवेशक, इनक्यूबेटर्स, उद्योग प्रतिनिधि और शैक्षणिक संस्थान शामिल होंगे। यह मंच स्टार्ट-अप्स को निवेश, नेटवर्किंग, नीति संवाद और नवाचार प्रदर्शन का अवसर देगा।

**स्मार्ट मीटर छूट**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी को छोड़कर की जा रही है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग पहल के अंतर्गत, माह दिसंबर 2025 के दौरान कुल 4,29,935 उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे (ToD) छूट का लाभ प्रदान किया है, जिसकी कुल राशि 2 करोड़, 71 लाख 72 हजार रूपए है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनकी खपत के आधार पर ये छूट दी गई है।

**नेपाल-आईसीसी पुरुष विश्व कप**

टी20 विश्व कप ट्रॉफी को आज नेपाल के काठमांडू स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल बौद्ध स्तूप में आम जनता के लिए प्रदर्शित किया गया। काठमांडू के शीतल निवास में ट्रॉफी का अनावरण करते हुए नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने कहा कि टी20 विश्व कप ट्रॉफी का नेपाल आना देश के लिए गर्व का क्षण है। राष्ट्रपति पौडेल ने विश्व कप ट्रॉफी को नेपाल लाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस दौरे से देश के क्रिकेट प्रशंसकों का उत्साह बढ़ा है।

**मौसम**

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। कई जिलों में घना कोहरा, शीतलहर और कोल्ड-डे जैसी स्थिति बनी हुई है। न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। राजधानी भोपाल में जनवरी की सर्दी ने पिछले 10 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, प्रदेश के आधे से अधिक हिस्सों में कोहरे का असर बना रहेगा। ठंड को देखते हुए इंदौर, रायसेन, ग्वालियर और नर्मदापुरम में आज भी स्कूल बंद हैं, वहीं कुछ जिलों में कक्षाएं सुबह 9 बजे बाद संचालित होंगी। कोहरे के कारण सड़क और रेल यातायात प्रभावित है–दिल्ली से आने वाली कई ट्रेनें घंटों देरी से चल रही हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

- **नर्मदापुरम में आज जिला व्यापार और उद्योग केंद्र के तत्वावधान में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गया।**
- **श्योपुर जिले के विकासखण्ड में कल 8 जनवरी को उप तहसील भवन अगरा में दिव्यांग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा।**
- **धार जिले में जल वितरण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद के तकनीकी अमले द्वारा नगर के प्रमुख जल वितरण स्रोतों, फिल्टर प्लांट एवं पाइप लाइनों का निरीक्षण किया गया।**
- **झाबुआ जिले में आगामी बोर्ड परीक्षाओं की बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर नेहा मीना ने सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कक्षा 10वीं एवं 12वीं की रेमेडियल कक्षाओं का निरीक्षण किया।**
- **स्वीप गतिविधियों के आयोजन हेतु आगरमालवा जिले के शहरी क्षैत्रों के लिये मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिये आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक स्वीप नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है।**